किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0, लखनऊ–226003

फोन : 91–0522–2258365 फैक्स : 91–0522–2257539 वेबसाईट : www.kgmcindia.edu

पत्रांक संख्याः 197 /जी0ए0 अनुभाग/2021 दिनांकः- 25-11-21

नोटिस

श्री महेश कुमार गुप्ता, कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव, मा0 राज्यपाल सचिवालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्रांकः ई-7788/जी0एस0 दिनांक 24 नवम्बर, 2021 के द्वारा अवगत कराया गया है कि ''आजादी का अमृत महोत्सव'' की श्रृंखला के तहत दिनांक 26 नवम्बर, 2021 को 'संविधान दिवस' के आयोजन के सम्बन्ध में जन-भागीदारी के साथ आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

उक्त के क्रम में के0जी0एम0यू0 के कलाम सेन्टर स्थित कक्ष संख्याः 418 में दिनांक 26 नवम्बर, 2021 को पूर्वान्ह् 11.00 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसका सजीव प्रसारण भी किया जायेंगा। अतः चिकित्सालय के समस्त विभागाध्यक्ष, प्रोफसर, एडीशनल प्रोफेसर, समस्त अधिष्ठाता, उप कुलसचिव, समस्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/अधीक्षक/उप चिकित्सा अधीक्षक, कुलानुशासक, परीक्षा नियंत्रक, समस्त प्रवोस्ट, ऑनरेरी लाइब्रेरियन, समस्त फैकल्टी इंचार्ज एवं समस्त प्रशासनिक अधिकारी तथा अन्य अधिकारीगण (आकस्मिक सेवाओं के अतिरिक्त) उपरोक्त कार्यक्रम में पूर्वान्ह् 10.30 बजे प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

(आशुतोष कुमार द्विवेदी)
कुलसचिव

संख्याः 9858 /जी0ए0 अनुभाग/2021 तद्‌दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. अधिष्ठाता, चिकित्सा संकाय, के0जी0एम0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता, दंत विज्ञान संकाय को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उपरोक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु दंत संकाय के 50 छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने की कृपा करें।
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उपरोक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु चिकित्सा संकाय के 100 छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने की कृपा करें।
4. अधिष्ठाता, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संकाय को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उपरोक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अपने-अपने संकाय के क्रमशः 25-25 छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने की कृपा करें।
5. समस्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/चिकित्सा अधीक्षक/उप चिकित्सा अधीक्षक, के0जी0एम0यू0, लखनऊ।
6. समस्त विभागाध्यक्ष/प्रोफसर/एडीशनल प्रोफेसर, के0जी0एम0यू0, लखनऊ।
7. समस्त प्रवोस्ट, समस्त छात्रावास, के0जी0एम0यू0, लखनऊ।
8. समस्त फैकल्टी इंचार्ज, के0जी0एम0यू0, लखनऊ।
9. डा0 पूरन चन्द्र, प्रोफेसर एण्ड विभागाध्यक्ष, प्रास्थोडान्टिक्स विभाग, के0जी0एम0यू0, लखनऊ के पत्र दिनांक 24.11.2021 के क्रम में आवश्यक कार्यवाही करने एवं कार्यक्रम हेतु बैनर छपावाने की कृपा करें।
10. डा0 जगदीश नारायन, फैकल्टी इंचार्ज, कलाम सेन्टर, के0जी0एम0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त कक्ष में रिक्त एवं सुसज्जित कराने की कृपा करें।
11. अध्यक्ष एवं महामंत्री, कर्मचारी परिषद्, के0जी0एम0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि समस्त कर्मचारी परिषद् के पदाधिकारीगणों के साथ प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।
12. फैकल्टी इंचार्ज, आई0टी0 सेल, के0जी0एम0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कराना सुनिश्चित करें।
13. मा0 कुलपति जी के निजी सचिव को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

(आशुतोष कुमार द्विवेदी)
कुलसचिव